भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 728

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

रायबरेली में सीआरआईएफ के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य

728. श्री राहुल गांधी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान में कौन-कौन से कार्य किए जा रहे हैं और उनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में संपर्क में सुधार और भीड़भाड़ की समस्या से निपटने के लिए प्रस्तावित कार्य क्या हैं और उनके अनुमोदन की क्या स्थिति है;

(ग) रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत स्वीकृत और पूर्ण किए गए कार्य क्या हैं और वर्ष 2019 से वितरित निधि कितनी है; और

(घ) उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वर्ष 2019 से रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क कार्य क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और सरकार को राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होता है। इन परियोजनाओं पर संपर्कता की आवश्यकताओं, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर अनुमोदन के लिए विचार किया जाता है। रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में संपर्कता में सुधार और भीड़-भाड़ की समस्या से निपटने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यान्वयनाधीन/अनुमोदित कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	पूंजीगत लागत (करोड़ रू. में)	प्रारंभ तिथि	पूरा होने की संशोधित निर्धारित तिथि
1	एनएच-330ए (लंबाई-46.02 किमी) के रायबरेली-जगदीशपुर खंड के 2-लेन + पेव्ड शोल्डर का निर्माण	720.8	07.01.2022	31.03.2026

2	हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर 4-लेन विन्यास के साथ रायबरेली रिंग रोड (चरण-II) का निर्माण। (लंबाई 21.88 किमी)	1273.72	01.05.2025	30.04.2027
3	ईपीसी मोड पर एनएच-24बी (चरण-I) के पूर्वी किनारे पर रायबरेली रिंग रोड का शेष कार्य (लंबाई 17.93 किमी)	319.96	05.10.2020	31.03.2026

(ग) और (घ) विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न है।

अनुलग्नक

"**रायबरेली में सीआरआईएफ के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य**" के संबंध में श्री राहुल गांधी द्वारा 04 दिसंबर, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 728 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में उल्लखित **अनुलग्नक।**

रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 2019 से सीआरआईएफ कार्यों का विवरण:

कार्य का नाम	लंबाई (किमी)	स्वीकृत लागत (लाख रू. में)	व्यय (लाख रू. में)	वास्तविक प्रगति (%)	स्वीकृति का वर्ष
महाराजगंज-दुसौली-निगोहा रोड (ओडीआर) का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण	15.00	2929.09	2692.88	98	2021-22

*****